सार-समाचार

## सिवरेज से खराब हो रही झीलें

उदयपुर। रविवार को आयोजित झील संवाद में झीलों के प्रति प्रशासनिक व नागरिक उपेक्षा पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। झील विशेषज्ञ डॉ अनिल मेहता ने कहा कि झीलों के आसपास बढ़ते पर्यटक वाहनों से धुंए तथा टायर घिसाव के बारीक प्रदूषक कण वायु को प्रदूषित कर बीमारियों को बढ़ा रहे हैं। वहीं झीलों में पहुंच ये जहरीले प्रदूषक तत्व पेयजल गुणवत्ता को भी खराब कर रहे हैं। कई स्थानों से सिवरेज झीलों में पहुंच रहा है। झील विकास प्राधिकरण के पूर्व सदस्य तेज शंकर पालीवाल ने कहा कि झीलों के किनारों पर गंदगी के ढेर लगे है। सफाई कर्मचारी नजर नहीं आते। दीपावली पर्व अवधि से ही झील सफाई में निरंतर शिथिलता बरती जा रही है।पर्यावरणविद नंद किशोर शर्मा ने कहा कि कचरे पात्र के अभाव में सैलानी मिनरल वाटर, शराब की बोतलों एवं प्लास्टिक रैपर इत्यादि कचरे को झीलों के आसपास व भीतर विसर्जित कर रहे है। यह चिंता जनक है। युवा पर्यावरण कार्यकर्ता कुशल रावल ने कहा कि स्थानीय नागरिक भी अपने घर, दुकानों के कचरे को झीलों में फैंक रहे हैं। इससे झीलों के पारिस्थितिकी तंत्र को गंभीर नुकसान पहुंच रहा है। वरिष्ठ नागरिक द्रुपद सिंह ने निगम एवं यूडीए से आग्रह किया कि झील स्वच्छता को दुरस्त रखने के लिए जिम्मेदार नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएं।

## विचार गोष्ठी का आयोजन

उदयपुर। अखिल भारतीय साहित्य परिषद की झाड़ोल फलासिया इकाई का पीपलेश्वर महादेव प्रांगण में विचार गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन हुआ। राजस्थान क्षेत्रीय संगठन मंत्री डॉ .विपिन पाठक ने नवोदित सभी लेखकगण से चर्चा परिचर्चा कर लेखन हेतु प्रेरित किया व सभी से संवाद किया। जिला संयोजक ओम प्रकाश शर्मा , विभाग संयोजक डॉ आशीष सिसोदिया का ऊर्जावान प्रेरक ,समाजहित, राष्ट्र हित में साहित्यिक मार्गदर्शन और पाथेय मिला। इकाई अध्यक्ष मदन जोशी सार्थक ने अखिल भारतीय साहित्य परिषद झाड़ोल फलासिया इकाई की जानकारी देते हुए अतिथियों का स्वागत किया और अनवरत साहित्य गतिविधियों को करते रहने का संकल्प लिया। सरंक्षक डॉ.बाल गोपाल शर्मा ने साहित्यिक गतिविधियों की जानकारी प्रदान की।

## कथा के द्वितीय दिवस शिव पार्वती विवाह प्रसंग

राजसमंद। श्रीराम कथा महोत्सव के द्वितीय दिवस पर व्यास पीठ से संबोधन करते हुए साध्वी सुहृदय गिरि ने कहा कि व्यक्ति को ज्ञान का अभिमान नहीं करना चाहिए। अभिमान से फू ला व्यक्ति में बडा में बडा कहने में ही अपना समय क्षीण कर देता है। साध्वी सुहृदय गिरि ने अपने प्रवचन में कहा कि व्यक्ति के आचरण पर निर्भर करता है कि वह विख्यात बनेगा या कुख्यात। भगवान राम मनुष्य योनि में जन्म लेकर सद्कर्मों से विख्यात हो गए वहीं रावण अपनी राक्षसी प्रवृत्तियों के चलते कुख्यात हो गया। मनुष्य जन्म लेकर इस धरा पर पैदा हुए है तो राम के पद चिन्हों पर चलने का प्रयास करें। संसार में रहकर भी राग द्वेष से मुक्त रहना सीखें। शिव पार्वती विवाह प्रसंग का सजीव चित्रण करते हुए साध्वी ने कहा कि शिव विवाह को सिर्फ ज्ञान चक्षुओं से ही देखा जा सकता है। कथा के प्रारंभ में व्यास पीठ का पूजन यजमान संजय सविता सनाढ्य, प्रेम कुमार शर्मा, नगर परिषद नेता प्रतिपक्ष हिम्मत कुमावत, गिरीश अग्रवाल, पार्षद प्रहलाद सिंह ने किया। कथा श्रवण के दौरान अपार जन समुदाय उपस्थित था। इस दौरान पुष्पा आसोलिया, पुष्पा साहू, राधा गौड, मंजू मुद्‌गल, अनुराधा लड्डा, पुष्प मंत्री, सरोज गट्टाणी, कांता लड्डा, चंदा देवपुरा, प्रेम बल्दुवा, चंदन सिंह आसोलिया, जयेश शर्मा, गिरिराज काबरा, राम प्रकाश सोमानी, दिनेश मित्तल, अर्जुन लड्डा, लटूरराम बलाई, गिरिजाशंकर पालीवाल, गोपाल गट्टाणी, शिवलाल खींची, बीएल अजमेरा सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने आरती पूजन और कथा श्रवण का लाभ लिया।

## प्रतियोगिता का समापन

डूंगरपुर। जिला वालीबाल संघ डूंगरपुर द्वारा आयोजित दो दिवसीय ओपन वॉलीबॉल प्रतियोगिता संपन्न हुई वॉलीबॉल में चुन्डावाडा विजेता एवं सिटी क्लब उपविजेता शहर के मध्य लक्ष्मण मैदान में फाइनल में चुन्डा वाडा ने सिटी क्लब को दो एक से हराकर विजेता रही सिटी क्लब उप विजेता रही समापन समारोह में जिला खेल अधिकारी नरेश डामोर पी ई ओ ओडा -बडा विपिन पंड्या सहायक उप निरीक्षक पुलिस रफीक मोहम्मद ने खिलाडी को नगद पुरस्कार से सम्मानित किया संघ के सचिव हेमेंद्र माली ने बताया कि प्रतियोगिता में 24 टीमों ने भाग लिया और महिला वर्ग में चार टीमों ने भाग लिया इन टीमों से चयनित खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता राजगढ़ चूरू में दिनांक 28 से 31 अक्टूबर तक आयोजित होगी जिसमें डूंगरपुर की महिला व पुरुष दोनों टीमें भाग लेंगी प्रतियोगिता में संघ के पदाधिकारी वीरेंद्र सिंह राव व्याख्याता शारीरिक शिक्षक वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक कांतिलाल रोत गजेंद्र साद अरविंद डामोर सोमेश्वर भगोरा महेश जोशी दयाराम रोत धनराज भमात अनीता डामोर नर्मदा डामोर प्रियंका आदि ने प्रतियोगिता में सहयोग प्रदान किया

## देववंदन में पांच ज्ञानो की हुई पूजा अर्चना

डूंगरपुर। श्री जैन श्वेताम्बर वीसा पोरवाड़ संघ के तत्वावधान में ओटा स्थित नेमिनाथ मंदिर के पुण्य प्रवचन हॉल में तथा जैन सोसाइटी स्थित संभवनाथ उपाश्रय में ज्ञान पूजा के विविध धार्मिक कार्यक्रम विधि विधान के साथ हुए। साथ ही इस अवसर पर प्रातः सकल संघ के सानिध्य में नेमिनाथ मंदिर से घाटी स्थित पार्श्वनाथ मंदिर पद यात्रा के रूप में पहुँच कर विविध कार्यक्रम हुए। संघ के अध्यक्ष हर्ष जैन ने बताया कि ज्ञान पंचमी के अवसर पर संघ के सानिध्य में प्रातः 9 बजे पूण्य प्रवचन हॉल में देववंदन का कार्यक्रम होने के साथ साथ ज्ञान की पूजा और इसकी महत्ता पर प्रकाश डाला। साथ ही लाभ पंचमी के अवसर पर धर्म प्रेमियो ने अपने प्रतिष्ठानों में भी इससे पूर्व पूजा अर्चना की। इससे पूर्व सकल संघ के प्रतिनिधि मंगल गीत गाते हुए नेमिनाथ मंदिर से घाटी स्थित गम्भीर पार्श्वनाथ मंदिर पहुंचे जहा पर पक्षाल केसर पूजा फूल पूजा के कार्यक्रम हुए तथा भाग्य भक्ति ड्रा के विजेताओं को लाभार्थी अनिल कुमार मेहता परिवार द्वारा बहुमान किया गया। इसके पश्चात पुण्य प्रवचन हॉल में समवशरण के समक्ष महिला एवं पुरुषो ने ज्ञान कि पूजा की तथा देव वंदन के दौरान मति ज्ञान, श्रुत ज्ञान, अवधि ज्ञान, मन पर्यव ज्ञान एवं केवल ज्ञान की आराधना की। इसी तरह संभवनाथ उपाश्रय में भी ज्ञान पंचमी के अवसर पर कार्यक्रम हुए। जिले भर में जैन श्वेताम्बर संघ के प्रतिनिधियों ने ज्ञान पूजा पर कार्यक्रमों का आयोजन की। इस दौरान श्री संघ के प्रतिनिधि, महिला मंडल, नवयुवक मंडल संयुक्त धर्म प्रेमी उपस्थित थे।

## डूगरपुर एक बार और राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित

डूंगरपुर। संयुक्त राष्ट्र के 17 सतत विकास लक्ष्य को पूरा करने मे भारत स्काउट गाइड कार्य कर रहा है जिसमे राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली द्वारा गोल पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले सदस्यों का चयन किया गया जिन्हे राष्ट्रीय स्तर पर आज आयोजित स्वराज भवन मैदान मुदविदे, मैंगलुरु, कर्नाटका मे आयोजित समारोह मे सी ओ स्काउट भाविक सुथार को मुख्य अतिथि श्री पी जी आर सिंधिया सेक्ट्री जनरल भारत स्काउट गाइड, श्री मधु सुधन अलावा अतिरिक्त अंतराष्ट्रीय कमीशनर व आलेंद्र शर्मा सहायक निदेशक द्वारा मेडल मेसेंजर और पीस स्टार अवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया।

# केंद्रीय दल ने अंराई एवं भिनाय में हो रहे विकास कार्यों का किया निरीक्षण

- जल शक्ति अभियान कैच दे रेन, जल जीवन मिशन

अजमेर। अजमेर जिले में केंद्र सरकार द्वारा वित्त पोषित परियोजनाओं जैसे मनरेगा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 जल ठाहण घटक एवं पर ड्रॉप मोर क्रॉप तथा हर घर नल जल योजना जल जीवन मिशन की प्रगति का निरीक्षण करने के लिए 23 से 25 अक्टूबर 2025 तक भारत सरकार द्वारा केंद्रीय नोडल अधिकारी निर्देशक ठामीण विकास विभाग भारत सरकार राम प्रिया सिंह एवं अरुण सैनी तकनीकी सहायक केंद्रीय भूजल बोर्ड जयपुर ने पंचायत समिति अजमेर ठामीण किशनगढ़ अराई एवं भिनाय में हो रहे विकास कार्यों का निरीक्षण एवं अवलोकन किया गया।

ज्ञात हो उक्त केंद्रीय दल द्वारा 23 मई 2025 से 26 मई 2025 तक प्री मानसून में अजमेर जिले के दौरे के दौरान जल शक्ति अभियान कैच दे रेन जल संचय जन भागीदारी अंतर्गत विभिन्न केंद्र वित्त पोषित परियोजनाओं में उक्त पंचायत समितियों में ठाम वासियों एवं जनप्रतिनिधियों से संवाद किया था।

मौके पर जाकर प्रगति का आकलन भी किया गया था, जिसकी रिपोर्ट भारत सरकार को दी गई, जिसमें अजमेर जिले में केंद्र वित्त पोषित परियोजना की भौतिक प्रगति पर संतोष जनक टिप्पणी की गई थी। केंद्रीय नोडल अधिकारी राजवीर सिंह ठामीण विकास विभाग भारत सरकार के निदेशक द्वारा पंचायत समिति अराई में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 जल ठाहण घटक के अंतर्गत ठाम पंचायत देवपुरी में जलठाहण विभाग द्वारा बनाए गए पक्के चेक डैम का अवलोकन एवं निरीक्षण किया गया। वर्षा काल के दौरान पक्के चेक डैम में संठाहित जल का उपयोग पशु पेयजल एवं भूजल स्तर को बढ़ाने में कारगर साबित हो रहा है तथा कृषि भूमि पर बनाए गए फॉर्म पौंड जो लबालब भरे थे उसका उपयोग संबंधित कृषक रबी की फसल में सिंचाई में करेगा तथा उत्पादन के साथ-साथ आए के स्रोत बढ़ाने में सहायक होगा।

पंचायत समिति अराई के विकास अधिकारी शिवदान सिंह द्वारा मनरेगा योजना में भवानी सागर तालाब का जीर्णोद्धार कार्य दिखाया गया, जिसमें कुछ कार्य और अधिक मात्रा में कराए जाने के निर्देश केंद्रीय दल द्वारा दिए गए। अराई पंचायत समिति के दादिया गांव में उद्यान विभाग द्वारा स्थापित ठीन हाउस राष्ट्रीय बागवानी मिशन अंतर्गत कराया गया, जिसमें लाभार्थी मनोज चौधरी द्वारा सामुदायिक डब्लू एच एस का निर्माण के साथ-साथ खीरे की बंपर क्रॉप ली गई। केंद्रीय नोडल अधिकारी द्वारा राष्ट्रीय बागवानी मिशन की सफलता को देखकर अभिभूत हुए तथा अन्य कृषकों को भी इस योजना का लाभ देने हेतु विभाग के अधिकारी श्रवण शर्मा को निर्देशित किया।

# किसानों की जमीन के जबरन आवंटन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

- कामरेड नेता भागीरथ यादव ने कहा कि जब तक हमारी जमीन वापस नहीं मिलती, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। चाहे सरकार लाठियां चलाए या धमकाए, किसान पीछे हटने वाले नहीं हैं। सूत्रों के अनुसार, कांठोस समेत कई अन्य दलों के नेता सोमवार को होने वाले इस धरने में भाग लेने के लिए डीडवाना पहुंचेंगे

डीडवाना। जिला कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर किसानों द्वारा 27 अक्टूबर को सुबह 11 बजे विरोध प्रदर्शन किया जाएगा, यह धरना और आम सभा कब्जा सुधा (कस्टोडियन) किसानों की जमीनों को सरकारी कार्यालयों के लिए जबरन आवंटित किए जाने के विरोध में आयोजित किया जा रहा है।

किसान सभा के आयोजकों के अनुसार, इस आंदोलन में हजारों की संख्या में ठामीण, किसान, मजदूर और सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता शामिल होंगे। बताया जा है कि कई राजनीतिक दलों के नेता, जिनमें राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर के नेता भी शामिल हैं, इस विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लेंगे

किसानों का आरोप है कि प्रशासन ने सरकारी विभागों के लिए इन जमीनों के पट्टे रिकॉर्ड समय में जारी कर दिए, जबकि आम नागरिकों को अपने वैध पट्टों के लिए दो-दो साल तक सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। ठामीणों का कहना है कि यह फैसला सीधा-सीधा अन्याय है।

कामरेड नेता भागीरथ यादव ने कहा कि जब तक हमारी जमीन वापस नहीं मिलती, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। चाहे सरकार लाठियां चलाए या धमकाए, किसान पीछे हटने वाले नहीं हैं। सूत्रों के अनुसार, कांठोस समेत कई अन्य दलों के नेता सोमवार को होने वाले इस धरने में भाग लेने के लिए डीडवाना पहुंचेंगे। प्रशासन ने एहतियात के तौर पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है।

## भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 30 से

नसीराबाद। नगर में आध्यात्मिक माहौल और धर्म भावना को प्रबल बनाने के लिए श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 30 अक्टूबर से 5 नवंबर 2025 तक किया जाएगा। यह दिव्य कथा जी आर पैलेस, हाउसिंग बोर्ड के सामने, नसीराबाद में आयोजित होगी। प्रतिदिन कथा का समय दोपहर 1.15 बजे से 5.15 बजे तक निर्धारित किया गया है। आयोजन की शुरुआत 30 अक्टूबर, गुरुवार की सुबह देव पूजन से होगी, जो प्रातः 7.15 बजे आयोजित किया जाएगा। उसी दिन दोपहर 12.20 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता रहेगी। कथा की पूर्णाहुति 5 नवंबर, बुधवार को की जाएगी। इस भागवत कथा का आयोजन खंडेलवाल परिवार द्वारा किया जा रहा है।

# विकास के हर कदम पर जनता की भागीदारी जरूरी- वासुदेव देवनानी

अजमेर। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने रविवार को अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ किया। इन कार्यों में सीसी सड़क, नाला एवं सामुदायिक भवन निर्माण जैसी मूलभूत सुविधाएं शामिल हैं। इनसे स्थानीय नागरिकों को बरसात, पेयजल और आवागमन से जुड़ी परेशानियों से स्थायी राहत मिलेगी।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने विभिन्न सड़क निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया। सड़क निर्माण कार्य सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा किया जाएगा। इसमें वार्ड संख्या 03 के न्यू गीता कॉलोनी, आर के पूरम और विनायक विहार क्षेत्रों में कुल 92.55 लाख रुपए की लागत से सड़क निर्माण कार्य होंगे। इसके अंतर्गत न्यू गीता कॉलोनी की गली संख्या 2 व 3 में 22.55 लाख रुपए की लागत से सड़क निर्माण किया जाएगा। साथ ही आर के पूरम की मुख्य सड़क एवं विभिन्न गलियों में 49 लाख रुपए की लागत से सीसी सड़कें बनेंगी। इसी क्रम में विनायक विहार में 21 लाख रुपए की लागत से सड़क निर्माण किया जाएगा।

देवनानी ने कहा कि अजमेर शहर की सड़क कनेक्टिविटी लगातार बेहतर हो रही है। इसके लिए सैकड़ों करोड़ की लागत से अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र की सड़कों का व्यापक नेटवर्क तैयार किया गया है। इन सड़कों से आमजन को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी तथा व्यापारिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी, उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि हर मोहल्ले और कॉलोनी तक पक्की सड़कें पहुंचे। इसके लिए लगभग संपूर्ण क्षेत्र में सड़क संपर्क स्थापित हो चुका है।

देवनानी द्वारा ठाम बोराज स्थित रावत नगर में विधायक कोष 2025-26 के अंतर्गत 16.70 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का शुभारंभ भी किया गया, उन्होंने कहा कि सार्वजनिक सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। इससे स्थानीय निवासियों को सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए बेहतर स्थान उपलब्ध हो सकेगा। सामुदायिक भवन एकता, सहयोग और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यह भवन स्थानीय निवासियों के लिए विवाह समारोह, सभा, प्रशिक्षण शिविर एवं अन्य सामाजिक आयोजनों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा।

# माताजी पुष्पवती जी म.सा. का 101 वां जन्मोत्सव महामहोत्सव के रूप में मनाया

- कार्यक्रम में पुखराज पहाड़िया, डॉ. अरविंद खरे, डॉ. रिषभ कोठारी,डॉ. अमित यादव, डॉ. प्रमोद दाधीच, डॉ. अर्चना खरे, कालीचरण सर्राफ, नितीन जैन, नोरत गुर्जर, उमेश गर्ग आदि

अजमेर, । उपप्रवर्तिनी, मरुधरा शिरोमणि, गुरूवर्या महासती डॉ. राजमतीजी म.सा. ने कहा कि संयम धन सबसे श्रेष्ठ धन है। पुत्री की दीक्षा की भावना से प्रेरित होकर माँ और पुत्र ने संयम जीवन में प्रवेश का दृढ़ संकल्प लिया। माँ यह शब्द है, जिसे देवी-देवता भी नमन करते हैं। चाँद और तारों की प्रशंसा की जा सकती है, परंतु माँ की महिमा के लिए शब्द ही कम पड़ जाते हैं। समता के बिना जीवन में संयम संभव नहीं है।

महासती डॉ. राजमतीजी म.सा. रविवार को अजमेर जैन श्री संघ मणीपुंज द्वारा आयोजित गुरूमाता, राजस्थान सिंहनी, शतपुष्प चंद्रिका श्री पुष्पवती जी माताजी म.सा. के 101वें जन्मोत्सव महामहोत्सव में संबोधित कर रही थीं। इस अवसर पर अजमेर जैन श्री संघ के संरक्षक प्रकाश चंद चोपड़ा, अध्यक्ष शिखर चंद सिंगी, मंत्री कैलाश चंद गैलड़ा, दीपक चोपड़ा, रमेशचंद खाबिया, गौतमचंद लूणावत, अनिल चौरडिया, राजेंद्र गैलड़ा आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में पुखराज पहाडिया, डॉ. अरविंद खरे, डॉ. रिषभ कोठारी,डॉ. अमित यादव, डॉ. प्रमोद दाधीच, डॉ. अर्चना खरे, कालीचरण सर्राफ, नितीन जैन, नोरत गुर्जर, उमेश गर्ग आदि का माल्यार्पण व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया।

जन्मोत्सव अवसर पर जे. प्रकाश चंद विमला कंवर चोपड़ा चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से अनाथ आश्रम, वृद्धाश्रम एवं निर्धन जनों को मिष्ठान्न वितरण किया गया। समारोह के प्रारंभ में मीनू मेहता, नीलू कांकरिया, कांता सांखला, सुमन गदिया, दर्शन गांधी, प्रेमसुख सुराणा आदि ने माताजी पुष्पवती जी म.सा. का गुणानुवाद प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान माताजी पुष्पवती जी म.सा. ने उपस्थित श्रद्धालुओं को बड़ा मांगलिक श्रवण कराया। इस अवसर पर साध्वी डॉ. राज रश्मि, राजलक्ष्मी, डॉ. राजवृद्धिजी तथा राजकीर्तिजी म.सा. ने जन्मोत्सव पर सुमधुर गीत प्रस्तुत किए।

## भजनों की प्रस्तुतियां ने मन मोहा

ब्यावर (निसं) श्री माहेश्वरी पंचायत बोर्ड की ओर से अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। शहर के पाली बाजार स्थित श्री माहेश्वरी भवन में आयोजित अन्नकूट महोत्सव के दौरान भजन कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें के सुदामा एण्ड पार्टी के सहित अन्य भजन गायकों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां दी। भजन गायकों ने कैसे गोरधन उठायो जी ओ सांवरा..., राधिका गोरी से ब्रज की छोरी से-मैय्या करा दे महारो ब्याव... तथा श्याम प्यारा लागो-बाबाजी प्यारा लागो... सहित अन्य भजन प्रस्तुत कर उपस्थित श्रोताओं को नृत्य करने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान पंचायत बोर्ड अध्यक्ष दिलीप कुमार जाजू सहित अन्य ने पुष्प वर्षा कर नृत्य करने वालो का स्वागत-अभिनंदन किया। इस दौरान भगवान श्रीनाथजी की आकर्षक झांकी भी सजाई गई। भजनों के दौरान उपस्थित समाज बंधुओं तथा मातृशक्ति ने जमकर नृत्य किया। अध्यक्ष दिलीप कुमार जाजू ने बताया कि अन्नकूट महोत्सव के दौरान समाज के भामाशाहों तथा क्रिकेट प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

सार-समाचार

## नशामुक्ति महाअभियान में 5100 से अधिक श्रद्धालुओं ने ली शपथ

अजमेर। जिले के सुप्रसिद्ध सर्वधर्म धार्मिक स्थल श्री मसाणिया भैरव धाम राजगढ़ पर रविवारिय मेले में नशा मुक्ति को लेकर राजस्थान सरकार के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत 'टोबेको फ्री यूथ कैम्पेन 3.0' व मसाणिया भैरव धाम के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को नशा मुक्ति हेतु विशेष अभियान चलाया गया। धाम के प्रवक्ता अविनाश सेन ने बताया कि इस अभियान में लगभग पन्द्रह हजार श्रद्धालुओं में से 5100 से अधिक श्रद्धालुओं ने अपने दोनों हाथ उठाकर जीवन में दोबारा नशा नहीं करने का संकल्प लिया, जिसमें पुरुषों के साथ महिलाओं की भी भागीदारी रही। नशा त्यागने वाले पुरुषों व महिलाओं ने नशे करने वाली वस्तुओं को बाबा के श्रीचरणों में छोड़ा। आए हुए श्रद्धालुओं ने स्वयं के लिए तथा परिवार को नशे के दुष्प्रभाव से बचाने के लिए स्वेच्छा से नशा मुक्ति का संकल्प लिया। इस दौरान शराब, तम्बाकू, गांजा आदि नशा त्यागने का संकल्प दिलाया गया। श्रद्धालु हाथों में नशा मुक्ति के स्लोगन लिखे व बैनर थामे हुए थे। संकल्प कार्यक्रम में धाम के मुख्य उपासक चम्पालाल महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि राजगढ़ धाम की यही पहचान नशा मुक्त हो कर इंसान, नशे के ज्यादा सेवन से दुर्घटनाओं व कैंसर जैसी बीमारियों से अधिकतर लोग असमय अकाल मृत्यु को प्राप्त होते हैं। युवा पीढ़ी के कई युवा जिनको नशे की लत लग चुकी है, जिससे उनका भविष्य अंधकारमय है। दुर्घटनाओं में अपंगता व मृत्यु, समाज में गरीबी व भयंकर बीमारियों से अकाल मृत्यु का मूल कारण नशा ही होता है, इसलिये नशे का त्याग अवश्य ही करना चाहिये। युवा, महिलाओं व लोगों को नशामुक्त करने के लिए राजस्थान सरकार चिकित्सा विभाग सामाजिक सरोकार में श्री मसाणिया भैरव धाम राजगढ़ के साथ अपनी भागीदारी निभाते रहेंगे। नशामुक्ति महाअभियान को रैली को पूर्व आईपीएस महेंद्र सिंह चौधरी, हरीश कुमार न्यायाधीश चूरू ने चंपालाल महाराज के सानिध्य में रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग अजमेर की जिला सलाहकार डॉ. पूनिता जैफ ने संबोधित किया। धाम में अब तक नशामुक्ति महाअभियान के अंतर्गत पिछले कई वर्षों में लाखों लोगों का नशा छुड़ाया गया है। धाम के प्रवक्ता सेन ने बताया कि नशा मुक्ति अभियान को सफल बनाने में चन्द्र प्रकाश जोशी, रक्तिम तिवाड़ी, जय मखीजा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग अजमेर की जिला सलाहकार डॉ. पूनिता जैफ व जितेन्द्र हरचंदानी, जिला महामारी रोग विशेषज्ञ मुकेश खोरवाल, कुलदीप तंवर तथा भैरव भक्त मण्डल के ओमप्रकाश सेन, रमेश सेन, राहुल सेन, अविनाश सेन, प्रकाश रांका, सुनील रांका, दिलीप राठी, कैलाश सेन, सुरेश कांकाणी, सतीश सेन, कमल शर्मा, विजय सिंह भवानी खेड़ा, रामप्रसाद मौर्य आदि का सहयोग रहा।

## गोपाल घूसर अध्यक्ष निर्वाचित

शाहपुरा। वाल्मीकि समाज शाहपुरा में चुनाव सम्पन्न हुए। चुनाव में दो प्रत्याशी मैदान खडे रहे, वाल्मीकि विकास सेवा समिति शाहपुरा के चुनाव में अध्यक्ष पद हेतु दो उम्मीदवार जिसमें गोपाल घूसर पूर्व पार्षद एवं रंजीत घूसर प्रत्याशी रूप में खडे हुए। 99 वोटिंग हुई पूर्व पार्षद गोपाल घूसर को विजय घोषित किया गया। संपूर्ण वाल्मीकि समाज का चार्ज विजेता का प्रमाण पत्र दिया गया। कार्यभार स्थानांतरण का प्रमाण पत्र और शपथ पत्र तीनों प्रमाण पत्रों सहित चुनाव समिति द्वारा नवनिर्वाचित अध्यक्ष को सौंपे गए और अपनी कार्यकारिणी बनाने का समाज में बनाने का आठाह किया गया। समाज बंधुओ ने पूर्व पार्षद गोपाल लाल घूसर को बधाइयां दी,समाज द्वारा चुनाव संपन्न पर सभी का आभार व्यक्त किया, और नवनिर्वाचित अध्यक्ष को बधाइयां दी गई, समाज समाज वासियों की तरफ से समरसता का संदेश दिया गया।

## शिविर में 170 नेत्र रोगियों की जांच

मदनगंज-किशनगढ़।( निस )। लायन्स क्लब किशनगढ़ क्लासिक के तत्वावधान में बाबा साहेब रतनलाल पाटनी की पुण्य स्मृति में रतनलाल कांवरलाल पाटनी फाउंडेशन के आर्थिक सहयोग से सूरज देवी सभागार में आयोजित निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में 170 नेत्र रोगियों की जांच की गई। सचिव रमाकांत काबरा ने बताया की इनमे से 96 रोगियों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के उपयुक्त पाया गया और पिछले शिविर में नेत्र चिकित्सा करवा चुके 51 नेत्र रोगियों की पुनःजांच कर निःशुल्क चश्मा उपलब्ध कराया। संयोजक मुकेश गोयल ने बताया की नेत्र लेंस प्रत्यारोपण के लिए चयनित 96 रोगियों के लिए जयपुर आने जाने हेतु बस, नेत्र लेंस प्रत्यारोपण, भोजन, आवास आदि सभी व्यवस्थाएं शंकरा आई हॉस्पीटल के सौजन्य से निःशुल्क रहेगी। इस दौरान अध्यक्ष अमित अगरवाल, मंजुल गर्ग, नरेंद्र मेहता, पदमचंद जैन, मनोज गोधा, संजय नागर, अजय जैन, मुकेश बज, संजय गुप्ता, रोहित मेहता, विनोद पाटनी, मानसी गोयल, आभा पाटनी सहित स्काउट गाइड, आर के पाटनी गर्ल्स कॉलेज की स्काउट छात्राओं ने सहयोग किया।

## प्रशासनिक अधिकारियों का सम्मान

मेड़ता सिटी। जाट कर्मचारी वेलफेयर सोसायटी मेड़ता के तत्वाधान में राजस्थान में जाट समाज के कार्यरत राज सेवकों का दीपावली स्नेह मिलन व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन रविवार को किसान छात्रावास परिसर में आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पूरे राजस्थान के सभी विभागों के जाट कर्मचारी का सामाजिक स्नेह मिलन का आयोजन किया गया। वही साथ ही समाज के नव चयनित आरएएस परीक्षा में चयन प्रशासनिक अधिकारियों के साथ अन्य विभागों में चयनित कर्मचारियों का माला व साफा व स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया गया। जाट वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष रामरतन गारू ने बताया कि जाट समाज की एकता का परिचय देते हुए समाज के लगे राजसेवको का दीपावली स्नेह मिलन का आयोजन किया गया जिसके समाज के नव चयनित प्रशासनिक अधिकारियों के साथ सभी विभागों के कर्मचारियों ने इस कार्यक्रम में शिरकत की वही चयनित कर्मचारियों का स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया गया। इस मौके परमेड़ता उपखंड अधिकारी पूनम चोयल, सुखराम पेडल, प्रवीण गुगडवाल , भुरारामखिलेरी, बस्ती राम , ब्यावर आयुक्त श्रवण राम चौधरी , मेड़ता अधिशाषी अधिकारी रामरतन चौधरी , अनिल चौधरी , रामजीवन जाखड़ , राजेंद्र रियाड़ , हरिराम किवाड़ा , कुशाल चौधरी , सहित कई अधिकारियों ने कार्यक्रम में शिरकत की।

## स्नेह मिलन समारोह आयोजित

मदनगंज-किशनगढ़।( निस )। क्षित्रय समाज की ओर से रामनेर रोड स्थित सर्वोत्तम डिफेंस एकेडमी में दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। रामस्नेही संप्रदाय शाहपुरा संत राजऋषि समताराम महाराज के पावन सानिध्य में किशनगढ़ क्षेत्र से आर ए एस परीक्षा में चयनित ज्योति कंवर राजावत व कुलदीप सिंह राठौड़ का स्वागत अभिनन्दन किया।

# प्रगतिशील राजपूत सभा अजमेर का 26 वां वैवाहिक परिचय सम्मेलन संपन्न

- 160 से अधिक युवक युवतियों ने परिचय सम्मेलन में दिया परिचय

अजमेर। प्रगतिशील राजपूत सभा अजमेर द्वारा 26 वां वैवाहिक परिचय सम्मेलन का आयोजन श्री चामुंडा माता मंदिर आना सागर पुलिस चौकी के सामने अजमेर में आयोजित हुआ।

सभा के अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि वैवाहिक परिचय सम्मेलन में संरक्षक बाबू सिंह पंवार, मदन सिंह चौहान, देवी सिंह चौहान अध्यक्ष चामुंडा माता मंदिर ट्रस्ट, सीता कंवर अध्यक्ष महिला, महामंत्री मुकेश सिंह भाटी एवं सत्यनारायण सिंह चौहान के सानिध्य में आयोजित हुआ। जिसमें विवाह योग्य 160 से अधिक युवक युवतियों ने अपना पंजीयन कराकर परिचय दिया। संगठन महामंत्री मुकेश सिंह भाटी ने सभा के वर्ष भर के कार्यक्रमों के आयोजन का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

सभा के अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान ने अपने उद्बोधन में वैवाहिक परिचय सम्मेलन की आज के समय में आवश्यकता एवं महत्व पर प्रकाश डाला और अधिक से अधिक समाज के लोगों को जोड़ने का आ ाान किया। संरक्षक बाबू सिंह पंवार और मदन सिंह चौहान ने शराब मदिरा आदि कुरीतियों को समाज से संपूर्ण नष्ट कर संस्कारवान पीढी तैयार करने का आ ान किया।

श्री चामुण्डा माता ट्रस्ट अध्यक्ष देवी सिंह भाटी ने कहा कि समाज के चामुण्डा माता के मंदिर में प्रत्येक रविवार कोई महाआरती का आयोजन होता है, उसमें अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ कमावें तथा सत्यनारायण सिंह चौहान ने बताया कि आज के परिचय सम्मेलन के उपरांत जितने भी जोड़े बनेंगे उनका 26 वा वैवाहिक सम्मेलन बसंत पंचमी 2026 को चामुंडा माता परिसर में आयोजित किया जाएगा।

सम्मेलन में विवाह के इच्छुक जोड़े के प्रत्येक पक्ष से 51 हजार के अनुदान राशि ली जाएगी। प्रगतिशील राजपूत सभा ने होनहार छात्र-छात्राओं का विभिन्न शैक्षणिक योग्यताओं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने पर सभा की ओर से प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर उत्साहवर्धन किया गया। अन्नकूट महोत्सव का भी आयोजन हुआ, शाम को मातृशक्ति के लिए मेंहदी और कुर्सी रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई विजेताओं को पुरस्कार वितरित किये गए। दीपावली स्नेह मिलन मनाया गया तथा सम्मेलन को महिला अध्यक्ष सीता कंवर ने भी सम्बोधित किया। इस मौके पर घनश्याम सिंह चौहान, नरेंद्र सिंह शेखावत, विजय सिंह नाथावत महामंत्री ट्रस्ट, विजय सिंह सोलंकी, इन्द्र सिंह राजावत, महावीर सिंह, शंकर सिंह बड़गुजर, नरेंद्र सिंह पवार, हुकुम सिंह राठौड, रणजीत सिंह, नरेंद्र सिंह गौड, गोरधन सिंह टांक आदि उपस्थित रहे।

# सम्राट पृथ्वीराज चौहान क्रिकेट महोत्सव आयोजित

अजमेर। अजयमेरु जन कल्याण सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित सम्राट पृथ्वीराज चौहान के क्रिकेट महोत्सव के प्रथम दिन रविवार को शहरों की विभिन्न वार्डों की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज कराते हुए दूसरे दौर में प्रवेश किया। नॉक आउट के आधार पर खेली जा रही प्रतियोगिता के मुकाबले शहर के विभिन्न स्कूल व कॉलेज के साथ-साथ रेल्वे मैदान पर खेले जा रहे है। अध्यक्ष सम्पत सांखला ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्‌घाटन मुकाबला सोफिया गर्ल्स कॉलेज पर खेला गया जिसमें वार्ड 4 ने वार्ड 14 को हराकर जीत अपने नाम दर्ज की। इससे पूर्व समारोह के मुख्य अतिथि जेएलएन मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनिल सावरियां ने मैच का विधिवत उद्‌घाटन करते हुए खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी व तकनीकी सदस्यों ने उनका माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह भेंट किया। प्रतियोगिता के अन्य मुकाबले लॉरेन्स एंड मेयो स्कूल के मैदानों पर खेले गये। सरंक्षक डॉ. प्रियशील हाडा ने जानकारी देते हुए बताया कि सम्राट पृथ्वीराज चौहान टी10 क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्‌घाटन मुकाबले में वार्ड संख्या 4 ने वार्ड संख्या 14 को 12 रनों से हराकर जीत दर्ज की है इस जीत के साथ ही वार्ड संख्या 4 प्रतियोगिता के दूसरे राउंड में पहुंच गई है। सोफिया कॉलेज मैदान पर खेले गए इस उद्‌घाटन मुकाबले में वार्ड संख्या 14 ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया, वार्ड संख्या 4 ने बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 125 रन एक विकेट के नुकसान पर बनाए,इस पारी में वार्ड संख्या चार के जितेंद्र ने 59 रनों की नाबाद पारी खेली। इसके जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी वार्ड संख्या 14 की पूरी टीम 125 रन के आंकड़े को छू नहीं सकी और 10 ओवर के निर्धारित खेल में 113 रन ही बना पाई, इस पारी में कमल ने 61 रनों की महत्वपूर्ण बल्लेबाजी कर वहां उपस्थित दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। सोफिया कॉलेज मैदान पर खेले गए दूसरे मुकाबले में वार्ड नंबर 16 ने वार्ड नंबर 9 को 12 रनों से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। टॉस जीतकर वार्ड नंबर 16 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 104 रन बनाए।


NAME CHANGE

I Army No 14841491N, Hav, Ramesh Chauhan,Residing Vill:- Khapatahi, Po - Malapharsenpur, Teh:- Rasra, Dist - Ballia, U.P, 221711 Have changed my Father's name From Rama Kant Chauhan to Ramakant Chauhan vide affidavit no CA 839144 Dt 26/10/2025 before court Campus Nasirabad

NAME CHANGE

I Army No 14841491N, Hav, Ramesh Chauhan,Residing Vill:- Khapatahi, Po - Malapharsenpur, Teh:- Rasra, Dist - Ballia, U.P, 221711 Have changed my Mother's name From Chandrajyoti Devi to Chandra Jyoti Devi vide affidavit no CA 839145 Dt 26/10/2025 before court Campus Nasirabad